सड़क हादसों में अधिवक्ता सहित दो की मौत, परिवारों में मचा कोहराम


डिवाइडर से टकराकर हाईकोर्ट के अधिवक्ता की गयी जान ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आने से युवक की मौत

प्रतापगढ़। जिले में सोमवार रात हुए दो अलग-अलग हादसों में हाईकोर्ट के अधिवक्ता सहित दो लोगों की मौत हो गयी। अंतू क्षेत्र में बाइक सवार अधिवक्ता अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद डिवाइडर से टकरा गए, जबकि लालगंज क्षेत्र में धान लादकर घर जा रहा युवक ट्रैक्टर से गिरकर पहिए के नीचे आ गया। दोनों घटनाओं से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। अमेठी जिले के मुंशीगंज निवासी त्रिवेणी मिश्र के बड़े बेटे २७ वर्षीय शुभम मिश्र उर्फ ऋषभ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता थे। सोमवार शाम वह प्रयागराज से बाइक से घर जा रहे थे। चिलबिला-अमेठी मार्ग पर अंतू थाना क्षेत्र के चौरा गांव के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क के डिवाइडर से टकराकर



हत लवकुश वर्मा की फाइल फोटो।

गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे एआरटीओ चौकी प्रभारी विजय त्रिवेदी ने उन्हें मेडिकल कालेज भेजवाया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर प्रतापगढ़ मुख्यालय में रहने वाले उनके छोटे भाई सुधांशु परिवार के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरेवंशी गांव की है। गांव निवासी दर्शन वर्मा का २४ वर्षीय बेटा लवकुश वर्मा सोमवार रात करीब आठ बजे खेत में कटे धान को ट्रैक्टर पर लादकर घर ले जा रहा था। खेत की मेड़ पर अचानक ट्रैक्टर का स्टेयरिंग मुड़ने से वाहन बेकाबू हो गया। इससे लवकुश झटके से नीचे गिर पड़ा और ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। गंभीर हालत में परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गयी। दोनों हादसों से क्षेत्र में शोक का माहौल है।



धमोहन में रास्ते का विवाद में पहुंची राजस्व टीम।

ग्रामीणों के विरोध से बैरंग लौटी राजस्व टीम

दस फीट चौड़ा खड़ंजायुक्त रास्ता होने का दावा निर्माण रोकने की बात पर भड़के लोग

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के धमोहन गांव में रास्ते के विवाद को सुलझाने पहुंची राजस्व टीम को ग्रामीणों के विरोध के बीच वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर करीब १० फीट चौड़ा खड़ंजायुक्त रास्ता होने के बावजूद निर्माण कार्य रोकने की बात कही गई, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गयी।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अखिलेश पाण्डेय अपनी पुरानी दीवार का निर्माण करा रहे थे। इस पर गांव के त्रिलोकी तिवारी ने रास्ता बंद करने का आरोप लगाते हुए तहसील प्रशासन से शिकायत की थी। एसडीएम कुंडा के निर्देश पर मंगलवार दोपहर राजस्व निरीक्षक लालता प्रसाद यादव, लेखपाल कंचन सिंह, उर्मिला सरोज और महेशगंज पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान टीम ने नक्शा उपलब्ध न होने की बात कही, जिससे पैमाइश और विवाद का निस्तारण नहीं हो सका। ग्रामीणों का दावा है कि मौके पर खड़ंजायुक्त रास्ता मौजूद है और शिकायतकर्ता ने स्वयं मकान बनाकर रास्ता बंद कर रखा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। निर्माण रोकने की बात पर ग्रामीणों ने विरोध जताया। इसके बाद राजस्व टीम वापस लौट गयी। ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष पैमाइश कराकर रास्ते के विवाद का स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि आगे कोई विवाद न हो।

जमीन विवाद में मारपीट सात लोगों पर मुकदमा

सरिया से सिर पर वार कर बेहोश करने का आरोप

प्रतापगढ़। जमीन विवाद में मारपीट और जानलेवा हमला करने के आरोप में मानधाता पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय के आदेश पर २६ अक्तूबर को दर्ज मामले की जांच उपनिरीक्षक अरविंद कुमार कुशवाहा को सौंपी गयी है। कस्बा मानधाता निवासी सुरेश कुमार अग्रहरि (५८) ने आरोप लगाया कि तीन सितंबर की सुबह करीब साढ़े नौ बजे पड़ोस के बृजेश कुमार, राज कुमार, तेज कुमार, अजय कुमार, रोहित कुमार, लवकुश और आयुष जायसवाल लाठी-डंडे व सरिया लेकर उनकी जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उनकी पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि तेज कुमार ने उनके सिर पर सरिया से वार कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गये। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बेटे महेश, राहुल, जितेंद्र और बहू संजू देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।

पीड़ित का कहना है कि स्थानीय पुलिस से शिकायत के बावजूद काररवाई नहीं हुई और विपक्षियों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। थाना प्रभारी धनंजय राय के निर्देश पर पुलिस ने मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने युवक के घायल होने की घटना को लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के तखा का पुरवा अगई गांव निवासी बाबूलाल वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र नन्हें लाल वर्मा बोधी का पुरवा गांव के पास कार की टक्कर से घायल हो गया था। लखनऊ के एक प्राइवेट अस्पताल में गम्भीर दशा में उसका इलाज चल रहा है। अज्ञात कार चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से उसके पुत्र के साथ दुघर्टना हुई। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने जांच के बाद आरोपित कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को लाभ देने की शिकायत

६० से ७० फीसदी आवास अपात्रों को मिलने का दावा, जांच कर कारवाई का आश्वासन

बाबागंज, प्रतापगढ़। स्थानीय विकासखंड के मछेहा हरदोपट्टी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपात्रों को लाभ दिये जाने का आरोप लगा है। गांव निवासी सचिन तिवारी ने प्रधानमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का दावा है कि ग्रामसभा में करीब ६० से ७० फीसदी आवास अपात्र लोगों को आवंटित किये गये हैं।

आरोप है कि कुछ लाभार्थियों के पास पहले से एक से पांच तक पक्के मकान हैं, इसके बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। शिकायत में गांव की शिवानी पुत्री शिवपाल और लालती पुत्री रामदुलारे का भी उल्लेख किया गया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, दोनों की उम्र करीब २० वर्ष है और वे अविवाहित हैं, फिर भी उनका नाम आवास सूची में शामिल है। सचिन तिवारी का आरोप है कि मामले की बार-बार शिकायत किये जाने के बावजूद ग्राम विकास अधिकारी सुनील सरोज की ओर से कोई कारवाई नहीं की जा रही है। इससे योजना के लाभार्थियों के चयन पर सवाल उठ रहे हैं।

इस संबंध में परियोजना निदेशक दयाराम यादव ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जायेगी। जांच में आरोप सही पाये जाने पर शीघ्र आवश्यक कारवाई की जायेगी। अब ग्रामीणों की निगाहें जांच और प्रशासनिक कारवाई पर टिकी हैं।

चुनावी निष्पक्षता पर आयोग की चुप्पी गैर जिम्मेदाराना-प्रमोद

खाद-बीज की किल्लत को बताया भाजपा सरकार की विफलता

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने चुनावी निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त की चुप्पी को गैरजिम्मेदाराना और अलोकतांत्रिक करार दिया। मंगलवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे के दौरान जनसंवाद कार्यक्रमों में उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार लोकतंत्र में जनता की सबसे बड़ी ताकत है। इस अधिकार को कमजोर करना अक्षम्य है। उन्होंने राहुल गांधी के वोट चोरी से जुड़े सवालों को जनता के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा बताया। सुल्तानपुर की अदालत द्वारा राहुल गांधी को बरी किये जाने को न्याय की जीत करार दिया।

प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में डीएपी और यूरिया की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसान आधार कार्ड लेकर समितियों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन खाद नहीं मिलने से निराश लौट रहे हैं। खाद के अभाव में किसान फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं। एमएसपी का वादा करने वाली सरकार किसानों को खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की गतिविधियों और केंद्र सरकार की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा अर्थव्यवस्था पर भी सवाल उठाये। मंगापुर में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। ननौती, रेहुआ लालगंज और सांगीपुर में उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। दीवानगंज के कल्यानपुर और लालगंज के पंडित का पुरवा में आयोजित भागवत कथा में भी शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डा. मोहिनी ने विद्यार्थियों को कराया योगाभ्यास

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थिति रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में मंगलवार को विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। योगामृत साधना केन्द्र द्वारा आयोजित योग जागृति मिशन के तत्वावधान में आयोजित योग शिविर में डा. मोहिनी राठौर ने विद्यार्थियों को योग कराया।

इससे पूर्व एडीजे रघुवीर सिंह राठौर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। योग शिविर में डा. मोहिनी राठौर ने विद्यार्थियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही मानसिक एकाग्रता में भी सहायक होता है। उन्होंने योगामृत साधना केन्द्र के माध्यम से युवाओं को योग से जोड़ने और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक भी किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, आचार्य विनय शुक्ल, राकेश त्रिपाठी, देवी प्रसाद तिवारी, शिवाकान्त मिश्र आदि मौजूद रहें।

१५० बड़े गोला पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

बाबागंज, प्रतापगढ़। दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महेशगंज पुलिस ने १५० बड़े गोला पटाखों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद पटाखों को नियमानुसार निष्क्रिय कराने की कारवाई की गयी है।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार को उपनिरीक्षक संतोष कुमार पासवान पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम लक्ष्मीगंज में छापेमारी की गयी। यहां से मो. नसीम (३५) पुत्र शेरअली निवासी लक्ष्मीगंज को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से १५० बड़े गोला पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर महेशगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा १२५ और विस्फोटक अधिनियम के तहत कारवाई की गयी है। पुलिस के मुताबिक, पटाखों को नियमानुसार निष्क्रिय कराया गया है और कुछ अवशेष जांच के लिए सुरक्षित रखे गये हैं। मामले में आगे की विधिक कारवाई जारी है। कारवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संतोष कुमार पासवान, कांस्टेबल प्रिन्स सेन, अनिल यादव, अभिषेक अयोध्या, रवि यादव और महिला कांस्टेबल अंजली भारती शामिल रहीं।



हरिहरपुर कैलहा में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

जिला उद्योग बन्धु की बैठक आज

प्रतापगढ़। उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक २८ अक्तूबर को अपरान्ह ४ बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की जायेगी।

टीसीएस रूरल आईटी क्विज में सक्षम सिंह प्रदेश में अव्वल

प्रतापगढ़। जयप्रकाश नारायण सर्वादय विद्यालय, नारायणपुर के कक्षा नौ के मेधावी छात्र सक्षम सिंह ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। २७ अक्तूबर २०२६ को वाराणसी स्थित बीएचयू में आयोजित टीसीएस रूरल आईटी क्विज प्रतियोगिता में सक्षम सिंह ने उत्तर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वादय विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न सर्वादय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सक्षम सिंह ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और सामान्य ज्ञान से जुड़े सवालों का बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश नारायण ने इस सफलता की जानकारी देते हुए सक्षम सिंह की उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताया। उनकी सफलता को विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है।

हरिहरपुर कैलहा में धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा

लालगंज, प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर ब्लाक की ग्राम सभा हरिहरपुर कैलहा में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा निकाली। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते पूरे गांव में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचे। इसके बाद सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन के मुख्य यजमान राम मिश्रा, शिव प्रसाद मिश्रा, गीता मिश्रा एवं देवी प्रसाद मिश्रा ने कथा व्यास आचार्य पंडित गिरीश चंद्र मिश्रा का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम से सम्मान किया।

कथा व्यास आचार्य पंडित गिरीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को भक्ति, प्रेम, सेवा और सदाचार की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जीवन में धर्म के मार्ग पर चलने और अपने कर्तव्यों का पालन करने की सीख मिलती है। इस मौके पर मनोरमा मिश्रा, सुंदरी मिश्रा, राजकुमार, राजेंद्र, लालता प्रसाद, प्रदीप, राकेश, दिलीप, जगन्नाथ, इंजीनियर आदित्य, कमलेश, बद्री प्रसाद, दीपक, रवि, शैलेश, आरुष, प्रवीण, सुधीर, आकांक्षा, डा. आंचल मिश्रा, उमेश, माधुरी, इंजीनियर अमित, शिवम, प्रिया, नीलम, कोमल, काजल, लक्ष्मी, प्रियंका, रीता, आर्य, दिशा, प्रियांशु, मनीष सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

जनपद न्यायालय परिसर में प्री-मेगा जागरूकता शिविर का उद्घाटन

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ वितरित की गयीं दवाइयां

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डा. बब्बू सारंग ने जनपद न्यायालय परिसर में प्री-मेगा जागरूकता शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ विभिन्न संस्थाओं की ओर से स्टाल लगाये गये।

शिविर में लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वहीं, जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा आंवले से तैयार विभिन्न प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी। इन उत्पादों को देखकर उपस्थित लोगों ने प्रोत्साहन के उद्देश्य से खरीदारी भी की। इसके अलावा बैंक आफ बड़ौदा की ओर से लोगों की सहायता के लिए स्टाल लगाया गया, जहां बैंक से संबंधित जानकारी और सहयोग उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांभवी ने किया। शिविर के माध्यम से लोगों को सहायता एवं जागरूकता संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर अपर जिला जज जितेंद्र कुमार द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमुद उपाध्याय, अपर जिला जज राजीव रंजन, हेमंत कुमार, रामलाल, अंकिता दुबे और आतिफ समीम सहित अन्य न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



जनपद न्यायालय में प्री-मेगा षिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते जिला जज डा. बब्बू सारंग।

शिव विवाह की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

पांच दिवसीय रामकथा का आयोजन

प्रतापगढ़। नगर के पूर्वी सहोदरपुर स्थित बाग में मानस सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित ३२वें वार्षिक मानस सम्मेलन के अंतर्गत चल रही पांच दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पुष्पनंदन जी महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उनकी संगीतमय कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। पुष्पनंदन जी महाराज ने शिव विवाह प्रसंग के माध्यम से भगवान शिव की महिमा, माता पार्वती की अटूट तपस्या और श्रद्धा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह आस्था, समर्पण और प्रेम का प्रतीक है। संगीतमय शैली में प्रस्तुत कथा ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



सहोदरपुर में कथा कहते पुष्पनन्दन महराज।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, विनोद कुमार सिंह, संत प्रसाद दुबे,संजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह,पवन पाण्डेय, श्याम नारायण सिंह, अवधेश सिंह सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

विवाहिता से मारपीट, पति सहित छः पर मुकदमा

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के खेमकरनपुर गांव में विवाहिता से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी किरन यादव (३०) ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि २५ अक्तूबर की सुबह करीब आठ बजे उनके पति दीपचन्द्र यादव, ससुर अमर बहादुर यादव, सास सुमित्रा, जेठ संतोष यादव, जेठानी और ननद आरती ने एकराय होकर उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि उन्हें लात-घूंसों और लाठियों से पीटा गया, जिससे अंदरूनी चोटें आईं। आरोपितों ने घर से निकालने और जान से मारने की धमकी भी दी। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई दिनेश यादव के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज की गयी। पीड़िता ने पति पर पांच वर्षीय बेटी के रंग को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और उन्हें दो-दो दिन भूखा रखने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार यादव को सौंपी गयी है।

एक नवम्बर को तुलसीसदन में लगेगा मेगा विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर

जिला जज ने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

प्रतापगढ़। जनपद के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक नवंबर २०२६ को तुलसीसदन (हादीहाल) में मेगा विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारियों को लेकर जनपद न्यायाधीश डा. बब्बू सारंग की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में बैठक हुई।

बैठक में जिला जज ने कहा कि शिविर के माध्यम से निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, महिलाओं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सहित अन्य पात्र वर्गों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण कराकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। जिला जज ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी और स्टाल लगाएं। पहले से चिन्हित पात्र लाभार्थियों को शिविर में आमंत्रित कर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी अधिकारी समय से तैयारियां पूरी करें और कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि आयोजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में एडीजे जितेंद्र कुमार द्विवेदी, सीजेएम कुमुद उपाध्याय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांभवी, एडीएम प्रेमचंद मौर्य, डीएफओ आशुतोष गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डूडा परियोजना अधिकारी सीमा भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम प्रशासक पर जानलेवा हमला, दो नामजद सहित चार पर एफआईआर

मारपीट कर सोने की अंगूठी और दस हजार रुपये लूटने का आरोप

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली ग्राम पंचायत के ग्राम प्रशासक प्रमोद कुमार दुबे पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

जामताली श्रीपुर निवासी प्रमोद कुमार दुबे सोमवार शाम गांव के इंद्रजीत शर्मा के साथ ग्राम पंचायत के बधवां गांव में नाली देखने गये थे। लौटते समय बधवां गांव स्थित एटीएस स्कूल के पास पहले से घात लगाये चार नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि बदमाश उनकी सोने की अंगूठी और दस हजार रुपये छीनकर ले गये। साथी इंद्रजीत शर्मा के शोर मचाने पर आरोपित बाइक से तमंचा लहराते हुए फरार हो गये। जाते समय उन्होंने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के संबंध में प्रमोद कुमार दुबे ने रानीगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अभिषेक पाल निवासी चंदी गोविंदपुर, राजेश कुमार सिंह निवासी जामताली और दो अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।

धान के खेत में सांप ने युवती को डसा, सीएचसी में भर्ती

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर गांव में मंगलवार सुबह धान के खेत में गयी १८ वर्षीय युवती को जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी नंदिनी मंगलवार सुबह करीब १०.३० बजे धान के खेत में गयी थी। इसी दौरान उसके पैर के नीचे सांप आ गया और उसने डस लिया।

घटना के बाद युवती की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल सीएचसी पट्टी ले गये। इमरजेंसी में तैनात डा. अखिलेश जायसवाल ने बताया कि युवती का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

करवा चौथ की तैयारी में जुटीं सुहागिनें, बाजारों में बढ़ी रौनक

परियावां, प्रतापगढ़। करवा चौथ व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं में उत्साह है। व्रत की तैयारियों और खरीदारी के लिए बाजारों में महिलाओं की चहल-पहल बढ़ गयी है। इस वर्ष करवा चौथ का व्रत २९ अक्तूबर को रखा जायेगा। महिलाएं पति की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखेंगी।

करवा चौथ का व्रत प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता के अनुसार, महिलाएं दिनभर अन्न-जल त्यागकर व्रत रखती हैं।

पानी सप्लाई कर लौट रहे युवक को पीटा, ई-रिक्शा में तोड़फोड़

पट्टी, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के महोखरी गांव में पानी की सप्लाई कर लौट रहे युवक को रोककर मारपीट करने और उसके ई-रिक्शा में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां संगीता पत्नी रमेश हरिजन ने पुलिस को तहरीर देकर तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ कारवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार, उनका बेटा सत्यम हरिजन शुक्ला मिनरल आरओ वाटर प्लांट पर काम सीखता है। २७ अक्तूबर की सुबह करीब ९.३० बजे वह बिंद बस्ती में पानी सप्लाई कर लौट रहा था। आरोप है कि मुन्नू हरिजन की चक्की के पास पहले से मौजूद चार लोगों ने उसे रोककर मुफ्त पानी देने को कहा। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए कालर पकड़ लिया और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। आरोप है कि इसी दौरान दो लोगों ने उसके लोडर ई-रिक्शा का अगला शीशा तोड़ दिया और उसमें रखा पानी भी पलट दिया। किसी तरह जान बचाकर सत्यम वहां से भागा। पीड़िता का कहना है कि आरोपित पहले भी ऐसी हरकत कर चुके हैं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच के बाद आगे की कारवाई की जायेगी।

रामकथा के लिए एमएलसी ने किया जनसंपर्क

पट्टी, प्रतापगढ़। कुंडा में १७ नवंबर से आयोजित होने वाली बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की तीन दिवसीय श्रीराम कथा को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। मंगलवार को एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी पट्टी तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की ओर से कुंडा में बेती कोठी के पीछे आयोजित होने वाली इस कथा में दो दिन दिव्य दरबार भी लगेगा। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के निर्देशन में किया जा रहा है।

किसान सम्मान निधि में फर्जीवाड़ा, संविदा आपरेटर सहित तीन गिरफ्तार

सरकारी पोर्टल की आईडी-पासवर्ड का दुरुपयोग कर अपात्रों का पंजीकरण करने का आरोप

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में कथित फर्जीवाड़े का साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सरकारी पोर्टल की लागिन आईडी और पासवर्ड का दुरुपयोग कर बिना भूमि अभिलेख के अपात्रों का पंजीकरण कराने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें कुंडा तहसील में तैनात संविदा वीआरसी आपरेटर भी शामिल है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो लैपटाप, पांच मोबाइल फोन, सात सिमकार्ड और बायोमेट्रिक डिवाइस सहित कई डिजिटल साक्ष्य बरामद किये हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों में संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के सराय छत्ता निवासी शिवकुमार यादव, कुंडा थाना क्षेत्र के पांडेय का पुरवा निवासी अनुराग गुप्ता और सरायकीरत भदरी निवासी जितेंद्र कुमार शामिल हैं। आरोप है कि शिवकुमार सीएससी संचालक के रूप में अपात्रों की पोर्टल पर एंट्री करता था। अनुराग पर सरकारी



सई काम्पलेक्स में आरोपितों के साथ एएसपी।

आईडी और पासवर्ड का दुरुपयोग कर उपलब्ध कराने तथा जितेंद्र पर अवैध लेनदेन की रकम को खपाने में सहयोग करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एसर और एचपी कंपनी के दो लैपटाप, एप्पल आईफोन १६ प्रो, सैमसंग एस२५, दो वीवो वी २९ प्रो और एक रियलमी मोबाइल बरामद किया है। इसके अलावा एयरटेल, जियो और वीआई के सात सक्रिय सिमकार्ड, फिंगर स्कैनर, यूपीआई लेनदेन के स्क्रीनशाट, एनीडेस्क से संबंधित डिजिटल सामग्री और व्हाट्सएप ग्रुपों से जुड़े साक्ष्य भी मिले हैं। इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा के तहत कारवाई की गयी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कारवाई करने वाली टीम में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भदौरिया सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

वांछित धराया, गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर दो आरोपित को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाने के उप निरीक्षक आदित्य पाण्डेय पुलिस बल के साथ मंगलवार को गश्त पर निकले थे।

इसी बीच मुखबिर की सूचना पर मारपीट की घटना के दर्ज मुकदमें में वांछित श्रीपाल वर्मा व राजू वर्मा पुत्रगण सुखई वर्मा निवासी कोडरी सरूआ को गिरफ्तार किया। एसओ गौरव त्रिवेदी के बताया कि गिरफ्तार किये गये। दोनो आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

कार्यालय शीतला प्रसाद इण्टर कालेज गड़वारा, प्रतापगढ़

पत्रांक : प्रबन्ध/निविदा/ /२०२६-२७ दिनांक २६.१०.२०२६

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत निविदा/कोटेशन सम्बन्धी सूचना

विद्यालय निर्माण सामाग्री आपूर्ति हेतु पूर्व में निविदा आमंत्रित की गयी थी, किन्तु गुणवत्तायुक्त सामाग्री उचित मात्रा में सामाग्री की आपूर्ति न करने के कारण निविदा निरस्त की गयी। पुनः षीतला प्रसाद इण्टर कालेज गड़वारा प्रतापगढ़ में तीन कक्षों (८ मी० X ६ मी०) एवं बरामदा (२४ मी० X ३ मी०) और दो षौचालय का निर्माण होना है इसके लिये पंजीकृत फर्मो द्वारा ईंट, सीमेंट, सरिया, रेता, गिट्टी व बिजली के सामान व अन्य सामाग्री के लिये बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक ०६.११.२०२६ को अपरान्ह ०३:०० बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा दिनांक ०६.११.२०२६ को अपरान्ह ०४:०० बजे तक निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा/ स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य
शीतला प्रसाद इण्टर कालेज गड़वारा
प्रतापगढ़।